तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नं. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	भंवरलाल टाक बनाम लो.सू.अधिकारी (अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर) सू.अ.अ.अपील सं0 245 / 2023 ( )	
05.02.24	अपीलार्थी भंवरलाल टाक पुत्र जगन्नाथ खटीक पता पुनरी पोस्ट हिंगोनिया जिला जयपुर राज. ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना-पत्र दिनांक 30.09.23 में उसके द्वारा (1) दिनांक 27.06.23 को जिला कलक्टर जोधपुर को रजिस्टर्ड पोस्ट द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था। उक्त प्रार्थना पत्र पर कार्यालय द्वारा की गई कार्यवाही की सम्पूर्ण पत्रावली, दिनांकवार उपलब्ध कराने, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (जिला कलक्टर जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर) से जरिये पत्रांक 1228 दिनांक 03.11.2023 रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमे बतलाया कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना के सन्दर्भ में प्रभारी अधिकारी, आवक लिपिक, कार्यालय हाजा से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार प्रार्थी भंवरलाल आवेदन पत्र में वर्णित प्रार्थना पत्र दिनांक 27.06.2023 का कार्यालय की आवक पंजिका में निरीक्षण करने पर कार्यालय में आना नहीं पाया गया है जिसके अभाव में सूचना उपलब्ध कराया जाना संभव नहीं है। प्रार्थी को इस कार्यालय के पत्रांक 1166 दिनांक 26.10.2023 द्वारा अवगत करवाया जा चुका है। चूंकि लोक सूचना अधिकारी की रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी का प्रार्थना पत्र दिनांक 27.06.2023 कार्यालय मे आना नहीं पाया जाने की सूचना से प्रार्थी को अवगत करवाया जा चुका है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं होने से अ[illegible] निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ प्रेषित हो। [illegible] सुनाया गया।	

Signature Not Verified
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Date: 2024.05.06 10:16:38 IST
Reason: SelfAttested